हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 13 मई 2024

06 जैसे ही भगवान का जन्म हुआ सब सोते चले ...



07 पछाडीखेडा का तालाब अशोकनगर शहर के नाम से जुड़ा ...





## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक का आयोजन आज

**गुना।** कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में 13 मई सोमवार को सुबह 11 बजे जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में समय-सीमा बैठक का आयोजन किया जायेगा। उक्त बैठक में सर्व-संबंधितों को उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह 19 को

**गुना।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वर्ष 2023-2024 संपन्न होने के बाद जिला व तहसील स्तरीय पुरूस्कार वितरण समारोह आगामी 19 मई को गायत्री शक्ति पीठ गुना पर किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त तहसीलों के प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक वर्ग के परिक्षार्थी जिन्होंने परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है, उन्हें शील्ड व प्रमाण पत्र देकर समानित किया जाएगा।

### कुआं खुदवाने को लेकर चाचा-ताऊ के परिवार आपस में भिड़े, क्रॉस मामला दर्ज

**गुना।** जिले के म्याना थानांतर्गत ग्राम बसार में कुआं खुदवाने को लेकर चाचा-ताऊ के परिवार आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले। जिसमें दोनों पक्षों की ओर से लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामले दर्ज किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी मोहन सिहं पुत्र थान सिंह जाटव ने अपनी पत्नी उर्मिला बाई के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात उनके चाचा के लडके ज्ञान सिंह के घर के तरफ गया। तो ज्ञान सिंह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। इस दौरान उसने उससे कहा कि कुआ खुदवाना है उसके पैसे दे दे, तो इसी बात पर उसने गाली गलौंच कर लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई उनकी पत्नी के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की।

### शहर में सफाई के अभाव का आरोप लगाकर स्वयं श्रमदान करने उतरा पेंशनर संघ

**गुना।** शासकीय पेंशनर एवं सेवानिवृत कर्मचारी संघ के पेंशनरों द्वारा पेंशनर पार्क में श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाकर पूरे पार्क में साफ-सफाई की कचरे को एकत्रित किया। घनश्याम श्रीवास्तव ने कहा कि पेंशनर्स साथियों ने पेंशनर पार्क में स्वच्छता अभियान 2024 के तहत साफ सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि शहर में सार्वजनिक स्थलों सहित पार्कों में स्वच्छता अभियान चलाने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी को आगे आकर स्वच्छता अभियान में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए। पेंशनर संघ ने विगत रविवार को भुजरिया तालाब पर चले स्वच्छता अभियान में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। श्रीवास्तव ने बताया कि गुना में सफाई का अभाव है। कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती। अभी भी पेंशनर पार्क के आसपास कचरे का ढेर पड़ा हुआ है। जिसे लगभग एक महीना हो चुका है। कई बार मेट को भी जानकारी दी जा चुकी है। लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं है। 14 मई को कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित किया जाएगा। स्व'छता अभियान में घनश्याम श्रीवास्तव अध्यक्ष, शैलेंद्र शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, मुरारी शर्मा अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक संघ, राजाराम शिंदे संरक्षक, केएन बंसल उपाध्यक्ष, कृष्ण राव कापसे उपाध्यक्ष, कमलेश श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, हरि ओम श्रीवास्तव संयुक्त सचिव, दिनेश श्रीवास्तव संयोजक, बाबूलाल जैन संयोजक,एनएस राजपूत संगठन सचिव, सियाराम श्रीवास्तव संयोजक आदि की उपस्थिति रही।




# सड़क दुघर्टना की कंपलीट डिटेल्स डाटा ऑनलाइन दर्ज करना उद्देश्य

**सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित पक्ष को मुआवजा राशि दिलवाए जाने की प्रक्रिया से जिले के पुलिस कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिलों में घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित पक्षों के लिए बीमा कंपनियों से मुआवजा राशि दिलवाए जाने के लिए पुलिस की ओर से सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित जानकारी एवं निर्धारित दस्ताबेज संबंधित इंश्योरेंस कंपनियों को एक निर्धारित समय सीमा में उपलब्ध कराये जाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल से प्राप्त निर्देशों के तहत गुना पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा जिलों में घटित होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित पक्षों के लिए बीमा कंपनियों से क्षतिपूर्ति राशि दिलवाये जाने की प्रक्रिया से जिले के पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किये जाने के निर्देश दिये गये। जिनके निर्देशानुसार यातायात प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह कुशवाह व ट्रेफिक स्टाफ द्वारा 12 मई को प्रातः 11 बजे पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागृह में सड़क सुरक्षा व सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, मॉनिटरिंग और सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित पक्ष व उनके परिजनों को मुआवजा राशि दिलवाये जाने में पुलिस की भूमिका के संबंध में एक प्रशिक्षण मीटिंग रखी गई। जिसमें जिले के समस्त थानों से एक-एक अधिकारी, कर्मचारी अनिवार्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों को (इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटा) तथा (फर्स्ट एक्सीडेंट्ल रिपोर्ट), (इन्टरिम एक्सीडेंट्ल रिपोर्ट) और (डिटेल एक्सीडेंटल रिपोर्ट) के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य प्रत्येक सडक दुर्घटना की कंपलीट डिटेल्स डाटा ऑनलाइन सर्वर पर किस प्रकार दर्ज करना है।



इसके बाद एक्सिडेंट की विस्तृत रिपोर्ट क्रमशः 48 घंटे में, फिर 50 दिवस में तथा अंत में 90 दिवस के अंदर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण न्यायालय तथा संबंधित बीमा कंपनी की ओर भेजनी है, जिससे कि सड़क दुर्घटना में पीड़ितों को उचित मुआवजा दिलाया जा सके। हिट एंड रन अथवा अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट की स्थिति में शासन की ओर से मुआवजा राशि पीडित पक्ष को भुगतान करने का प्रावधान है, हिट एंड रन के प्रकरण में पीडित पक्ष को शासन से मुआवजा राशि दिलवाये जाने की प्रक्रिया का भी मीटिंग में मौजूद कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिंहा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को स्पष्ट तौर पर निर्देश दिये गये हैं कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ितों को मुआवजा/क्षतिपूर्ति राशि दिलवाये जाने हेतु माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का जिले में सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पालन किया जावे, जिससे कि सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित पक्ष को मुआवजा राशि मिल सके।

## सुभाष कॉलोनी का ट्यूबवेल सूखा, गहराया जल संकट

# रात में पावर कट, दो दिन से पानी को तरसे, न नल आए और न ही टैंकर

- टैंकर के लिए करना पड़ा दिनभर इंतजार
- शहर में नौ ट्रैक्टरों से भेजा 120 टैंकर पानी
- बड़ा सवाल-भीषण गर्मी में कैसे कटेंगे 40 दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



शहर में जल संकट गहराने लगा है। एनीकट सूख चुका है और ट्यूबवेल भी दम तोड़ने लग गए। नगर पालिका के पास सुभाष कालोनी में भी जलापूर्ति ठप हो गई। ट्यूबवेल सूखने से सुभाष कालोनी के शिव मंदिर के आसपास कई घरों में दो दिन से पानी नहीं आया। रात में पावर कट होने से सिंध से सुबह आने वाले पानी की भी सप्लाई नहीं हो सकी। नगर पालिका से पानी के टैंकर की मांग की गईं, लेकिन वह भी नहीं भेजा गया।

टैंकर से पानी सप्लाई नहीं हुई तो कई लोग नपा के बाहर रखे टैंकर से प्लास्टिक केनों में पानी भरते दिखे। यह नजारा मई महीने की शुरुआत में हैं। अगर, इसी तरह के हालात रहे तो आने वाले दिनों में और भी दिक्कत बढ़ सकती है।शहर में सिंध नदी और ट्यूबवेलों से पानी की सप्लाई होती है। सिंध नदी पर बना एनिकट सूख चुका है। सिंध नदी में केवल कुछ हिस्से में पानी है, जिसे पनडुब्बी से लिफ्ट करके वाटर प्लांट तक लाकर शहर में सप्लाई कर रहे हैं। लेकिन इससे भी शहर को ज्यादा दिन पानी की पूर्ति नहीं हो सकती। सीएमओ तेज सिंह यादव और नपाध्यक्ष प्रतिनिधि अरविंद गुप्ता ने सिंध का जायजा लेकर शहर में हर दिन पानी सप्लाई का भरोसा दिया है।

### ट्यूबवेलों में नहीं बचा पानी

शहर के 37 वार्डों में पानी की सप्लाई मुख्य रूप से ट्यूबवेलों से होती है। कई बस्तियों में ट्यूबवेल दिनभर चलते हैं, तब जाकर पानी मिल पाता है। लेकिन गर्मी तेज होने से पानी पाताल में समाता जा रहा है, इससे कई ट्यूबवेल भी दम तोड़ गए।

लगभग सभी ट्यूबवेलों में पाइप बढ़ा दिए गए हैं, लेकिन फिर भी पानी उपर नहीं आ पा रहा है। ट्यूबवेल में पानी उतर जाने से मोटर पर लोड़ पड़ रहा है। सूत्र बताते हैं कि गुना में हर दिन 10 ट्यूबवेलों की मोटर बदली जा रही हैं। हाट रोड के सरकारी आवासों वाला ट्यूबवेल भी बंद हो गया है।

### एक दिन में पूरी गली ने कराए कनेक्शन

सुभाष कालोनी में जल संकट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है। एक गली के अधिकांष घरों में लोगों ने अपने दूसरे कनेक्शन करा लिए है। यह कनेक्षन नपा ऑफिस के पास वाली गली से लिए गए हैं। लेकिन इसके बाद भी राहत नहीं है।

आनंद बैकरी वाली गली में रात में टैंकरों से पानी भरा गया। षिव मंदिर और आसपास तक टैंकर भी नहीं पहुंच पाया।

### एक घंटे में आते हैं 45 फोन, 120 टैंकर भेजे

पानी की मांग इतनी अधिक है कि नपा की व्यवस्थाएं ठप हो गई हैं। नपा के अधिकारी कर्मचारियों ने लोगों के फोन उठाना ही बंद कर दिए हैं। उठाते भी हैं तो दो-चार बार फोन लगाने के बाद फोन रिसीब हो पाते हैं।

टैंकरों से पानी की व्यवस्था देख रहे कर्मचारी हेमंत रघुवंषी ने फोन पर इतना तक कहा कि एक घंटे में 45 फोन आते हैं। कहां-कहां टैंकर भेजें। नौ ट्रैक्टर हैं और उनसे ही 120 टैंकर पानी सप्लाई किया है। कई जगह शाम और रात तक टैंकर भेज पाते हैं।

### नपा ने ये की वैकल्पिक व्यवस्था

नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि सिंध से पानी सप्लाई के लिए पनडुब्बी का उपयोग कर रहे हैं। शहर में 20 ट्यूबवेल लगवाए हैं, उनसे पानी की सप्लाई की जाएगी। टैंकरों से भी पानी सप्लाई किया जा रहा है। हालांकि उन्होंने कहा कि बिजली की कटौती काफी परेशानी उत्पन्न कर रही है। इस संबंध में उनके द्वारा बिजली कंपनी के अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने नहीं सुनवाई की तो उर्जा मंत्री को भी शिकायत की गई है।

# पारदी समुदाय में खूनी संघर्ष युवक की गोली मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पारदी समुदाय के बीच खूनी संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा। डेढ़ महीने पहले युवक की हत्या के बाद विगत शुक्रवार को महिला द्वारा आत्महत्या और अब एक युवक की गोली मारकर दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। गोलीबारी में एक अन्य युवक की हालत गंभीर बताई है। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार शाम धरनावदा थानांतर्गत ग्राम बीलाखेड़ी में एक पारदी युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई।



पिछले तीन दिन में पारदी गुटों में यह दूसरी और डेढ़ महीने में तीसरे मौत का मामला सामने आया है। घटना के विरोध में जिला अस्पताल में बड़ी देर तक हंगामा होता रहा यहां मौजूद भारी तादाद में पुलिस वल ने बड़ी मशक्कत से स्थिति को संभालना।मिली जानकारी के अनुसार, आज रविवार शाम 4 बजे धरनावदा थानांतर्गत ग्राम बीलाखेड़ी में एक पारदी युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पिछले तीन दिन में पारदी गुटों में यह दूसरी और डेढ़ महीने में तीसरे मौत का मामला सामने आया है। पूरा मामला डेढ़ महीने पहले धर्मपाल पारदी की हुई हत्या और विगत शुक्रवार को जलपुरी नामक महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले से जुड़ा है। मामले में उक्त आत्महत्या को परिजनों ने हत्या का मामला बताया था। अब रविवार शाम 4 बजे के करीब धरनावदा थानांतर्गत ग्राम बीलाखेड़ी में मोहन पारदी पुत्र बिहारी लाल पारदी की गोली मारकर हत्या की।

# 'सक्षम' ने मनाई संत सूरदास जयंती दिव्यांग जनों का किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

संत शिरोमणि सूरदास जयंती के अवसर पर सक्षम जिला गुना द्वारा रोटरी भवन गुना में दिव्यांग जनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई सूरदास जयंती। जिसमे मुख्य अतिथि सक्षम मध्य भारत प्रांत सह सचिव दिनेश शर्मा ने उपस्थित रहकर दिव्यांगों के उत्थान एवं उनके सर्वांगीण विकास के संबध में संबोधित किया।

उन्होंने कहा की संत सूरदास कवि जगत में सूर्य के समान हैं। उनके बारे में कहा भी जाता है किसूर-सूर तुलसी शशि उडगन केशवदास और कवि खदयोत सम जेहं तेहं करे प्रकास। महाकवि सूरदास जी के बारे में कहा जाता है कि वे अपने जन्म से ही नेत्रहीन थे, बावजूद इसके उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की ऐसी रचनाएं लिखी हैं, जो सजीव चित्रण जैसी प्रतीत होती। साथ ही उन्होंने सक्षम द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नगर संघ चालक मनोहर लाल शर्मा, सक्षम जिला अध्यक्ष गोपाल सक्सेना, जिला सचिव देवेंद्र सिंह धाकड़ मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संत शिरोमणि सूरदास महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महिला प्रमुख अंसुईया रघुवंशी ने किया। सक्षम गीत जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया और कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले भर से दिव्यांग जन उपस्थित रहे। साथ ही सक्षम दिव्यांग जनों की प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष विजय मीणा, तहसील संयोजक देशराज राजपूत, नारायण बंजारा, विमल मीना, गोलू सेन, राजाराम पाल, जितेंद्र शर्मा, मलखान सिंह, शांति भिलाला, किरण लोधा सहित सक्षम के सदस्य उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता ने तहसीलदार से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की

# राजीव सागर में मछली पकड़ने किया जा रहा जहरीले पदार्थ का उपयोग!

इस कृत्य से लोगों के स्वास्थ्य पर गलत असर पड़ सकता है। राजीव सागर बांध से नल, जल योजना के तहत मधुसूदनगढ़ और लटेरी में जल सप्लाई किया जाता है। उसके बावजूद इसमें मछली पकड़ने के लिए कथित जहरीले पदार्थ का उपयोग करना न केवल मछलियों के लिए बल्कि आसपास के रहवासियों के लिए जो इस पानी को पेयजल के तौर पर उपयोग करते हैं उन्हें भी खतरनाक साबित हो सकता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राजीव सागर बांध में मछली पकड़ने के लिए लोग हानिकारक केमिकल (जहरीले पदार्थ) का उपयोग कर रहे हैं। जी हां हाल ही में यह चौंकाने वाला मामला प्रकाश में आया है। हालांकि आरोप में कितनी सच्चाई है यह तो जिम्मेदार विभागों की जांच के बाद ही पता चल सकेगा। एक कांग्रेसी नेता समेत क्षेत्र के तमाम लोगों ने जानकारी देते हुए प्रशासन को अवगत कराया है और कहा है कि इस कृत्य से लोगों के स्वास्थ्य पर गलत असर पड़ सकता है। राजीव सागर बांध से नल, जल योजना के तहत मधुसूदनगढ़ और लटेरी में जल सप्लाई किया जाता है। उसके बावजूद इसमें मछली पकड़ने के लिए कथित जहरीले पदार्थ का उपयोग करना न केवल मछलियों के लिए बल्कि आसपास के रहवासियों के लिए जो इस पानी को पेयजल के तौर पर उपयोग करते हैं उन्हें भी खतरनाक साबित हो सकता है। मामले में मधुसूदनगढ़ के कांग्रेस नेता खेमराज नेगी ने तहसीलदार से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों से जानकारी मिली है कि कुछ अज्ञात लोगों द्वारा बांध से मछली पकड़ने एवं मारने के लिए हानिकारक केमिकलों को बांध के पानी में डाला जा रहा है, जिससे पानी प्रदुषित हो रहा है। इसी पानी की सप्लाई नगर में हो रही है। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर गलत असर पड़ सकता है। कांग्रेस नेता ने केमिकल डालने वाले अज्ञात लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

### इस तरह होता है जहरीले केमिकल का इस्तेमाल

पहले तो एक बाल्टी में पानी भरा जाता है , फिर उसमें जहरीले केमिकल की एक बूंद डाली जाती है ।इसके बाद बाल्टी में रेत को डाला जाता है , रेत में पूरी तरह केमिकल मिल जाने के बाद , बांध में मछली पकड़ने वाली जाली बांधी जाती है , इसके बाद एक व्यक्ति राजीव सागर बांध में, हवा भरे हुए ट्यूब की मदद से जाता है और जहरीले केमिकल, मिली हुई रेत को पानी में डाल देता है, जहरीली रेत नीचे तक जाती है, और पानी में मिल जाती है और हजारों मछलियां मर जाती हैं, मरी हुई मछलियों को जाली की मदद से बाहर निकाल लिया जाता है।

### श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस बोले महंत सीताराम दास जी...

# जैसे ही भगवान का जन्म हुआ सब सोते चले गए, भगवान ने दो रूपों में जन्म लिया...!





हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

नगर के संत सुधा सागर कॉलोनी में चल रही श्रीमद भागवत कथा के पंचम दिवस पूज्य महंत श्री सीताराम दास जी ने कहा जैसे ही भगवान का जन्म हुआ सब सोते चले गए भगवान ने दो रूपों में जन्म लिया है। एक है योशदा नंदन एक है देवकी नन्दनभगवान के जन्म होने के बाद नंदबाबा के यहा ब्राह्मणों ने स्वस्तिवाचन का पाठ किया,,महाराज जी ने कहा जब भी हमारे यहां किसी बालक बालिका का जन्म हो तो हमें पितृ पूजन अवश्य करानी चाहिए,,नंदबाबा के जन्म होने पर नंदबाबा ने 2 लाख गायों का दान किया। आगे कहा हमें भारतीय वेद लक्छिना गौ माता का दूध पीना चाहिए,,जर्सी का नहीं महाराज जी ने किसान भाइयों से अनुरोध किया। एक एक गाय एक एक किसान पाल ले तो गौ माता सुरक्षित हो जाए,,,जब तक गौ माता की दुर्दशा होगी तब तक हम सुरक्षित नही है। महाराज जी ने अनुरोध किया एक घर एक गौ माता हो जाए तो इस भारत में परम आनंद हो जाए और आगे श्रवण कराया नंदबाबा ने 7 तिल के पहाड़ दान किए,,आगे की कथा में भगवान की बाल लीलाओं का बड़ा सुंदर वर्णन किया,,भगवान ने पूतना का उद्धार किया। अघासुर वकासुर का उद्धार किया। भगवान ने माखन चोरी की लीला की और कहा भगवान ने गोपियों के यहां माखन नहीं उनके चित्त के चोर को चुराया है। भगवान वृंदावन आए यहां आकर गायों का पूजन किया आगे भगवान बड़े हुए और गोवर्धन नाथ भगवान की पूजा की और आरती के साथ पंचम दिवस की कथा विश्राम हुई।

## संक्षेप समाचार

### इस बार नौतपा को तपेगा जिसकी बरसात में अच्छी बारिश भी होगी



**राघोगढ़**। जिले में एक बार फिर मौसम ने करवट बदल ली है शुक्रवार को दिन में तापमान इस साल की सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया था रात में तेज हवाओं के हल्की बारिश हुई बारिश के कारण रविवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस नीचे पहुंच गया तापमान में इस गिरावट के कारण लोगों को गर्मी से फिलहाल राहत मिली है हालांकि रविवार को बीच-बीच में तेज धूप भी निकली पर सुबह से आसमान में बदल जाने और दिन भर बादलों की आवाज आई से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिलती रही है मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों तक मौसम का हाल इसी तरह रहेगा इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी होगी इस बार नोतपे में भी खूब तपेगा शहर में तेज गर्मी पड़ने का अनुमान है उल्लेखनीय है कि जब सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं तो धरती पर तेज गर्मी पड़ती है इसी वजह यह रहती है सूर्य की धरती से दूरी सबसे कम रहती है वैसे तो सूर्य हर साल 25 में से 8 जून तक रोहिणी नक्षत्र में रहते हैं पर इसमें भी पहले जो दिन यानी 2 जून तक विशेष रूप से तेज गर्मी पड़ती है माना जा रहा है कि इस बार नौतपा को तपेगा जिसकी बरसात में अच्छी बारिश भी होगी

### गंदगी से पनप रहे मच्छर



**राघौगढ़**। नगर सहित जिले भरने गंदगी के प्रकोप से पनप रहे मच्छर और आवारा मवेशीओ का आतंक लोगों के लिए जानलेवा साबित होता जा रहा है जगह-जगह गंदगी से मच्छरों का प्रकोप इस कदर बड़ा रखा है कि घरों में लोग चैन की नींद नहीं सो पा रहे बच्चे बुजुर्ग और महिलाएं आगोशित बिजली कटौती एवं मच्छरों का त्रिकोण जय कारा रात भर जागने के लिए विवश है बाजार में आवारा मवेशी आवारा कुत्ते जानलेवा साबित होने लगे हैं कुछ इसी तरह की अनेकों समस्याओं से जूझ रहे लोग भारी परेशान है अधिकारी कर्मचारी लोगों की समस्या से बेखबर हैं पीने के पानी के लिए बिजली में करोड़ों रुपए विभिन्न योजनाओं के जरिए मिला लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी हालत पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। एक दशक पूर्व लाखों रुपए मुख्यमंत्री पेयजल योजना के नाम पर ग्राम पंचायत में बाट लेकिन 10% भी ग्राम पंचायत में पेयजल योजनाएं सफल नहीं हुई लेकिन लाखों खर्च के बाद भी सरकारी योजनाओं को लगा लेकिन लाखों खर्च के बाद भी ग्रामीण क्षेत्र को पानी नहीं मिल रहा है जिले के दर्जनों गांव सहित शहरी क्षेत्र में आज भी पेयजल संकट बड़ी समस्या बनकर सामने आ रहा है अघोषित बिजली कटौती परेशान विद्युत वितरण कंपनी 44 डिग्री तापमान में बिलों की राशि जमा नहीं होने पर यूपीबीएचयू खताओं पर जरा भी मानवीय दृष्टिकोण नहीं अपनाती लेकिन मेंटेनेंस के नाम पर रात और दिन में हो रही आज घोषित बिजली कटौती से लोगों को होने वाली परेशानी का जवाब विद्युत वितरण कंपनी के हालात अधिकारियों के पास नहीं है।

## 27 हज यात्री हाजी साहिबान का प्रशिक्षण व वेक्सिनेशन कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश राज्य हज कमेटी अध्यक्ष रफत वारसी जी के निर्देशानुसार ज़िला हज कमेटी गुना के तत्वाधान में ज़िले से हज यात्रा पर जाने वाले 27 हज यात्री हाजी साहिबान का प्रशिक्षण एवं वेक्सिनेशन कैंप का आयोजन मदरसा हज्जानी जुबेदा समद पर आयोजित किया गया हाजियों को हज प्रशिक्षण एवं जानकारी ट्रेनर हाजी फिरोज खान साहब द्वारा दिया गया उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से ज़िला हज कमेटी अध्यक्ष हाजी आबिद अली, ज़िला वक्फ कमेटी अध्यक्ष जाकिर बावड़ी, सूफ़ी संवाद महाअभियान मध्यप्रदेश सह प्रभारी रफत उल्ला हनफी,हाजी अकील सिद्दीकी,हाजी रईस अंसारी,रजीक सिद्दीकी,हाजी अनवर मंसूरी,हाजी शकील सिद्दीकी, जेबून निशा कुरैशी,हाजी मेहराज अली,अकबर अली,इकबाल ,हज कमेटी ज़िला मीडिया प्रभारी एवं टोनी शाह, जामा मस्जिद सदर आसिफ खानहजरत चांद बाली एहसान मोहम्मद राशिद भाई शरीफ खान ,रियाजउद्दीन महबूब भाई,कबीर भाई बाबू भाई,शकीर राईन अनीश,फिरोज,अशफाक खान आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम विनायक खेड़ी में सत्तू, ग्लूकोज, ओआरएस का वितरण

### गुना महासमिति महिला संभाग ने मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्रीदिगंबर महा समिति महिला संभाग गुना द्वारा मनाए जा रहे जीव दया सप्ताह का आज हुआ समापन। यह जानकारी देते हुए महिला संभाग की संभागीय अध्यक्ष रश्मि बज ने बताया कि पिछले 7 दिनों से लगातार जीव दया के क्षेत्र में महिला संभाग गुना द्वारा अभिनव सेवा कार्य किए गए। जिसमें गायों को चारा खिलाया गया, जलचर जीवो को दाना खिलाया। नभ चर,और जमीन पर रहने वाले पक्षियों को दाना पानी हेतु सकोरे और जल की व्यवस्था की गई, राह में भटक रहे पशुओं को दुर्घटना से बचाने के लिए उनके गले में रिफ्लेक्ट बेल्ट लगाए गए।और उनके लिए पानी की टँकी रखवाई।और वृद्धआश्रम जाकर बुजुर्गों के साथ समय बिताकर उन्हें भोजन कराया, इसी तारतम में समापन के अवसर पर ग्राम विनायक खेड़ी पहुंचकर महिला संभाग की सदस्यों ने गरीब बस्ती में ग्रामीणों को सत्तू परमल ओ आर एस तथा ग्लूकोज बिस्किट का वितरण किया गया।और अपने सेवा सप्ताह का समापन किया।और अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन भी मनाया। इस मौके पर महिला संभाग गुना की विभिन्न इकाइयों की सदस्याएं मौजूद रही जिन्होंने सेवा कार्यों के पश्चात का अतिशय क्षेत्र बजरंगगढ़



पहुंचकर 1008 श्रीशांतिनाथ भगवान की समक्ष आरती कर प्रभु का आभार माना। आज समापन के अवसर पर र् ममता जैन , नीता जैन, सुरभि जैन, अनीता जैन, निधि जैन, सुमन जैन रेखा जैन साहित विभिन्न इकाइयों की सदस्य मौजूद रही। इस अवसर सभी सदस्यों ने जीव दया सप्ताह के अंतर्गत किए गए विभिन्न सेवा कार्यों में अपने अनुभवों को साझा किया और इस अभिनव पहल की सभी ने जमकर सराहना की और आगे भी इसी प्रकार के सेवा कार्यों के लिए अपनी उत्साह पूर्वक सहभागिता करने की मंशा ज्ताई और इसके लिए संभागीय अध्यक्ष को बहुत बहुत बधाइयां दी। संभागीय अध्यक्ष रश्मि बज ने महासमिति की सभी महिला सदस्यों का आभार माना जिन्होंने इस सेवा सप्ताह के अंतर्गत सातों दिन अपना अपना महत्वपूर्ण योगदान और समय समिति को दिया।उन्होंने ये भी बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मणिंद्र जैन, राष्ट्रीय पदाधिकारीगण ज्योति टोंग्या, इंदुंगांधी, सहित मध्यांचल की अध्यक्ष मंजू अजमेरा, , ममता गंगवाल, पूजा सोगानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी गुना संभाग के इन सेवा कार्यों की खूब सराहना की है औरबधाइयां दीं हैं।

## अशोकनगर का तापमान रविवार को 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा, दोपहर बाद बूंदा-बांदी भी हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



शहर के मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है परिवर्तन हर रोज हो रहा है और तापमान भी 40 के ऊपर चल रहा है। रविवार के दिन अशोकनगर का तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस के उपर चलता रहा। ऐसा लगा कि अब मौसम में परिवर्तन का दौर थम गया है। लेकिन शाम 4 बजे के बाद मौसम में फिर करवट ली। छोटी-छोटी बदलिया आकाश में छा गई बूंदाबांदी हुई और मौसम फिर सुहाना हो गया। हालांकि धूप भी निकलती नजर आई। लेकिन पंखों ने ठंडी हवा देना शुरू कर दिया है। मौसम में आ रहे इस परिवर्तन के कारण लोगों को चिंता है कि आने वाले समय में अशोकनगर जिले का मौसम कैसा रहेगा। लोगों को जल्दी वर्षा शुरू होने की जरूरत है क्योंकि गत वर्ष अशोकनगर जिले में 58 प्रतिशत वर्षा हुई थी जिले को 42 प्रतिशत बारिश की जरूरत और थी वह कमी पूरी तो नहीं हो पाई लेकिन वर्तमान में पानी की जरूरत के साथ शहर जल संकट से गुजर रहा है। ऐसे में लोगों को अब उम्मीद है कि 15 जून से अशोकनगर जिले में मौसम मेहरबान हो सकता है और पानी की कमी की शुरुआत जल्दी हो सकती है।

## शाढौरा मेले में जिले के कलाकार कर रहे हैं लीला का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शाढौरा मेले में चल रही श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला में जनता की अच्छी उपस्थिति दिखाई दे रही है। प्रत्येक दिन रामलीला मे कलाकारो द्वारा किया जा रहा है मंचन। प्रत्येक दिन गणेश जी की आरती के बाद रामलीला का मंचन प्रारंभ होता है। वीते दिन हनुमान को वानर सेना विदा जिसमें सुरसा मेंनाक सिंहका लंकिनी एवं विभीषण मिलन प्रसंग दिखाया गया राम जी के रूप में अभिषेक शर्मा लक्ष्मण के रूप में सुमित श्रीवास्तव हनुमान के रूप में सतेन्द्र रधुवंशी सीता के स्वरूप में अभिषेक शर्मा छोटू सभी कलाकारों ने अपनी अपनी जवाबदारी के काम किया बालकृष्ण नामदेव वीर सिंह जाट रजनीश सिंघई हरवीर रघुवंशी निक्की सिंघई रामकुमार शर्मा बृजेश शर्मा सीताराम शर्मा सतीश शर्मा प्रदीप शर्मा राज नारायण चैधरी शिवकुमार शर्मा अमित चंदेल संजू चैहान रुमाल सिंह जमना प्रसाद अनिल चैरसिया दिलीप नायक आलोक शर्मा प्रजापति शिवराज भट्ट शिवनारायण ओझा आनंद सोनी सभी कलाकारों ने बहुत ही अच्छी अपनी कला प्रस्तुत की कथावाचक चंद्र मोहन मिश्रा संगीत कैलाश श्रीवास्तव राजीव पाठक दुर्गेश शर्मा द्वारका प्रसाद सोनी योगेश शर्मा उपेन्द्र पारासर रमेश सेन हरिनारायण आदि शामिल हुए।

## महिला महासमिति ने पक्षियों के लिए सकोरे टांगने का लिया गया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

दिगंबर जैन महिला महासमिति ईकाई शाढ़ौरा द्वारा जीव दया की भावना के साथ राष्ट्रीय निर्देश पर शाखा की बहिनों के घरो पर सकोरे टांग कर पक्षियों के लिए दाना पानी के प्रबंध का संकल्प लिया विद्यासागर भवन मे आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे डिप्टी डायरेक्टर वित्त सुमित जैन भोपाल एंव जैन समाज लालितपुर प्रतिनिधि नमन जैन उपस्थित थे इस मौके पर बताया गया कि गर्मीयों के दिनों मे मूक पक्षियों के लिए दाना पानी का प्रबंध करना सेवा का सबसे बढ़े



पुण्य का कार्य माना जाता है सभी बहिनों ने प्रतिदिन अपने अपने सकोरों मे पक्षियां के लिए दाना पानी रखने का संकल्प लेते हुऐ अन्य बहिनों को ऐसे पुनीत कार्य करने के लिए प्रेरित करने के लिए अपने अपने मोहल्लों मे संपर्क करते रहने की बात कही कार्यक्रम का संचालन जैन समाज के संरक्षक डां भरत जैन ने किया।

### बच्चों को खिले चेहरे

## ग्रामीण अंचलों में जाकर जीएसटी ग्रुप ने गरीबों को सामग्री का वितरण किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट ग्रुप द्वारा आज ईसागढ़ क्षेत्र में धनवारा,महेशपुरा,तिलाई गांव में जाकर कपड़े,चप्पल,फल वितरित किए।गर्मियों के मौसम में तेज धूप में बच्चे नंगे पैर न घूमें इस उद्देश्य से उन सभी को चप्पल प्रदान की गयीं। पिछले 7 वर्ष से हर वर्ष गर्मियों में ग्रुप ऐसे ही किसी गाँव जाकर चप्पल वितरित करता है।जिनके यहाँ पुराने कपड़े हैं उनसे ग्रुप के सदस्य कपड़े एकत्रित करते हैं और उन्हें भी साथ ले जाते हैं।इस वर्ष नए कपड़े भी ले गए साथ ही बच्चों को फल का राजा आम भी खिलाया गया।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे सीख रहे विधा

हरिभूमि न्यूज ⏭मुंगावली

खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त रूप से आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर (समर केम्प) में बच्चे क्रिकेट खेल में अपना शानदार प्रदर्शन कर अपने हुनर को निखार रहे है। बच्चों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमें विराट कोहली जैसा एक शानदार खिलाड़ी बनना है तो वहीं कुछ खिलाड़ियों का कहना है कि उन्हें रोहित और बुमराह जैसा खिलाड़ी बनकर अपने देश का नाम रोशन करना है। प्रतिदिन समय से पहले पहुंचकर खिलाड़ी अपने खेलों को निखारने के लिए पसीना बहा रहे हैं। खेल



प्रशिक्षण शिविर का आयोजन नगर के टीएवी स्कूल एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह बेस के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है जिसमें भारी संख्या में छात्र छात्राएं अपने समय का सदुपयोग करने के लिए खेलों में रुचि दिखा रहे है वहीं इन सब खिलाड़ियों को खेल को निखरने के लिए विशेष रूप से खेल समन्वयक रेनू ओझा सहायक कीड़ा अधिकारी अंसार खान जमीदार खेल प्रशिक्षक जावेद खान एवं जाहिद खान जमीदार का विशेष सहयोग रहता है

## क्वाटर के पीछे लगी आग, हो सकती थी कोई बड़ी घटना घटित

हरिभूमि न्यूज ⏭चंदेरी

नगर के सिविल अस्पताल के पास बने डॉक्टर आवास और नर्स आवास के पास कल सुबह अचानक आज की लपटे देखने को मिली। जहां डॉक्टर आवास के पास में नगर पालिका द्वारा रखें फाइबर के मूत्रालय मैं तेज आग पकड़ गई गनीमत रही कि वह आज की लपट पास में रखे ट्रांसफार्मर तक नहीं पहुंच पाई वरना कई घरों की बत्ती गुल हो जाती और लोगों को काफी नुकसान पहुंचता।



लेकिन अब सवाल यह है कि इतने अधिक तापमान होने के बावजूद भी अस्पताल से जुड़े किसी आसमाजिक तत्व ने यहां कचरे के ढेर में आग लगा दी जहां पूरे में पॉलिथीन सहित अन्य कचरा डाला हुआ था और आज अपना विकराल रूप पकड़ लेती और कई घरों को जलकर खाक कर देती लेकिन यहां रह रही ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर और अन्य डॉक्टर के देखरेख होने के बावजूद भी ऐसा हुआ जो सवाल और निशान खड़े कर रहा है। वहीं लोगों का मानना यह भी है कि यहां जो मूत्रालय रखा हुआ था इसकी बदबू से परेशान अस्पताल से जुड़े लोगों द्वारा जानबूझकर आज लगवाई गई ऐसी भी चर्चा है।

### पुलिस को खबर तक नहीं

## आईपीएल का चढ़ा नशा, हार-जीत के लग रहे बड़े दांव ऑनलाइन भी चल रहा सट्टा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा/ बरेली

जब से आईपीएल क्रिकेट मैंचों की शुरूआत हुई है। नगर के विभिन्न हिस्सों में आईपीएल मेंचों पर बड़े दाव लग रहे हैं। विदिशा में जहां दो सटोरिए गिरफ्तार हो चुके हैं वहीं रायसेन जिले के बरेली में अंकों का खेल खेलने और खिलाने वालों की सरेआम गतिविधियां चल रही हैं। इनके विरूद्ध ठोस कार्रवाई में पुलिस कमजोर नजर आ रही है।

आईपीएल क्रिकेट मैच देखना कोई गुनाह नहीं है। परंतु इस खेल के मैंचों पर राशि के दाव लगने से विशेष कर युवा पीढ़ी जुआ की दलदल में तेजी से धंसती नजर आ रही है। मोबाइल, टीवी का उपयोग कर सट्टेबाजों द्वारा लाइनों के माध्यम से आईपीएल मैंचो पर जिस प्रकार हार-जीत के दाव लग रहे हैं नगर में चर्चाओं का विषय बने हुए हैं। युवा पीढ़ी क्रिकेट खेल की दीवानी हो रही है। इसी का लाभ उठाकर नगर के विभिन्न हिस्सों में सटोरिया गिरोह, आनलाइन दाव लगाने की दिन प्रतिदिन बढ़ती गतिविधियों से परिवार आर्थिक रूप से बर्बाद और खिलाने वाले मालामाल हो रहे हैं।

### जमकर चल रहा सट्टा

बरेली नगर में अंकों के माध्यम से राशि और किस्मत के सहारे बिना परिश्रम अच्छी कमाई का सुनेहरा सपना देखने वाले मेहनत मजदूरी की गाढ़ी कमाई खाईबाजों को पहुंचा रहे हैं। पुरानी बस्ती के साथ अन्य स्थानों पर चाय, पान, सब्जी की दुकानों, होटलों पर गुपचुप और सरेआम सट्टे के अंक लिखने वालों की गतिविधियां पुलिस को छोड़ अन्यों को सरेआम दिखलाई देते हैं। आईपीएल मैंचों, अंकों के सट्टा और सुनसान स्थानों, नदियों के किनारे, खेतों में बने मकानों, अवैध कारोबार के फड चलने की चर्चाएं बरेली में खूब चल रही हैं।

**खबर संक्षेप**

### बाइक की टक्कर से युवक घायल



**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरौद निवासी कृपाल पुत्र रतिराम कुशवाश ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी वाहन चालक ने पंचायत भवन के पास अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज किया है।

### रेल पटरियों पर घायल मिले युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत शनिवार की देर शाम एक युवक रेल पटरिया पर घायल अवस्था मे मिला था। जिसे पिपरई अस्पताल उपचार के लिए ले जाया गया था। वहा से उसे जिला अस्पताल उपचार के लिए लाया गया था। राकेश पिता मौजा अहिरवार उम्र 32 साल निवासी पिपारिया का है। घर से पिपरई जाने की कहकर गया था। लेकिन वह रेलवे टेक पर घायल अवस्था मे मिला । पुलिस ने शव परीक्षण कराकर परिवारजनो को सौंप दिया है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूजा कालोनी निवासी राजा पुत्र नारायण आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सुरेन्द्र आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत अशोकनगर कबीरा रोड निवासी अर्जुन मोहबया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी विनोद अहिरवार एवं दो अज्ञात लोगो ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत नयापुरा जिला कोटा राजस्थान निवासी रामहेत गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजाराम आदिवासी ,प्रकाश आदिवासी और रामकृष्ण आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के नईसराय थाने के अंतर्गत नईसराय निवासी ब्रजेश पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ढिल्लन मुसलमान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम सिगपुर पाडरी निवासी ओमकार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजेश यादव सुमन यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### तालाब जल संसाधन विभाग का और काम कर रही है नगरपालिका

# पछाडीखेडा का तालाब अशोकनगर शहर के नाम से जुड़ा, 1977 में बना था तुलसी सरोवर

## शहर के बीच में होने से तालाब को सुदंर बनाने के कई प्रयोग हुए जिसमे बीच में पार बनाने से तालाब दो भागों में बंट गया









**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

अशोकनगर शहर कभी तालाबो का नगर हुआ करता था। यहा वर्तमान मे कहने को दो तालाब है लेकिन एक तालाब निजी क्षेत्र का है और दूसरा तालाब जल संसाधन विभाग का है। जिसे तुलसी सरोवर के नाम से जाना जाता है। इस तालाब के सौन्दर्यकरण को लेकर कई प्रयोग हुए और आज भी चल रहे है। लेकिन यह आज भी यह तालाब भोपाल तालाब की तर्ज पर सुदर स्वरूप नही ले सका है।

इन दोनो तालाबो के बारे मे जानते हैं। सबसे पुराना तालाब पछाडीखेडा तालाब है। जिसके किनारे हनुमान मंदिर है। जो लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराना है। क्रांतिकारी लेखक श्रीकृष्ण सरल ने अपनी पुस्तक मे लिखा है कि आजादी के आदोलन के दौरान अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद इसी हनुमान मंदिर पर आकर रूके थे। जल संसाधन विभाग के उपयंत्री अभय जैन का कहना है कि यह तालाब तुलसी सरोवर से काफी पुराना है। उस समय पार विभाग द्वारा बनबाई गई थी। लेकिन जमीन निजी क्षेत्र की है। इस तालाब का पानी तुलसी सरोवर मे छोडा जाता है। पछाडीखेडा तालाब का नाम अशोकनगर के पूर्व नाम से भी जुडा है। इस शहर का पुराना नाम पछार था जो पुराने अभिलेखो मे आज भी मिलता है। मध्यप्रदेश के गठन के बाद पछार से यह अशोकनगर हो गया।

इस शहर मे तुलसी सरोवर का निर्माण 1977 मे हुआ। जनता पार्टी की सरकार आने से पहले मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल ने यह तालाब आमजनो को समर्पित किया था। उस समय इस तालाब के पानी से आस पास के क्षेत्र मे खेती की सिंचाई होती थीं। लेकिन बाद मे जब एक बडे ओवर ब्रिज का निर्माण हुआ और ब्रिज को बायपास रोड से जोडा गया। तब यह तालाब बायपास रोड के किनारे आ गया। जिसके बाद से इस तालाब के सौन्दर्यकरण की मांग लगातार उठती रही। आसपास तेजी से कालोनिया विकसित हो गई और जमीन के दाम आसमान पर पहुच गए। तब से लोगो की निगाहे इस तालाब की भूमि पर लग गई। यहा जब जब जो भी अधिकारी आए। वह अपनी मर्जी से तालाब के सौन्दर्यकरण को लेकर निर्माण कार्य कराते रहे। इस दौरान तालाब के बीच एक टापू बनाने का भी निर्णय हुआ और उसे मुख्य सडक मार्ग से रोड डालकर जोडा गया। जब भी वारिश अधिक होती हैं तब मिटटी की यह सडक पानी मे पूरी डूब जाती है और टापू चारो ओर से पानी से घिर जाता है। जिससे कच्चा निर्माण होने की बजह से यह मिटटी तालाब के पानी मे ही जमा होती जा रही है। जिससे तालाब का जल स्तर भी कम हो रहा है। तालाब के बीच मे सडक डालने से तालाब दो भागो मे बट गया है।

इस तालाब के पास अब कोई कृषि भूमि न होने से किसी तरह की सिचाई नही होती। लेकिन तालाब का पानी दूषित होने से नही बच रहा। इस तालाब मे हर रोज लोग सुबह की भोर मे शोच क्रिया के लिए पहुचते हैं। यहा आस पास की कालोनिया का कचरा भी डल रहा है। तालाब का सौन्दर्यकरण करने के नगरपालिका ने प्रयास किए काम भी हुए। लेकिन इस तालाब का चारो ओर से सीमांकन कर उसे दूषित सामग्री कचरा आदि से बचाने के प्रयास नही किए गएं।शासकीय अभिलेखो म आज भी तालाब जल संसाधन विभाग का है और काम नगरपालिका कर रही है। उपयंत्री अभय जैन का कहना है कि यह तालाब अभी तक नगरपालिका को स्थानांतरित नही हुआ है। इस तालाब का शहर का सुदंर केन्द्र बनाया जाना चाहिए ताकि लोगो को भोपाल के ताल का आनंद अशोकनगर मे ही मिल सके।

### पुलिस मामले की जांच में जुटी

# पैसों को लेकर चार बदमाशों ने की बंदूक से हवाई फायरिंग





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

जिले के सहराई थाने के अंतर्गत ग्राम बमौरी टांका मे पैसे के लेन देन को लेकर चार बदमाशो ने 12 बोर की बंदूक लेकर आए और दो बदमाशो ने हवाई फायर किए। जिनमे एक आरोपी अपनी बाइक छोडकर चला गया है। मामला पैसे के लेन देन को लेकर है। मुगावली एसडीओपी सनन बी खान ने बताया कि सतेन्द्र यादव पुत्र सौभाग्य सिंह यादव ने परासरी गाव के अमरपाल को पानी वाली मोटर दिलवाई थी। जिसके 15 हजार रूपए लेना थे। सतेन्द्र ने अमरपाल को फोन करके पैसे देने को कहा तब शाम को पैसे देने का निर्णय लिया गया। शाम के समय अमरपाल अपने साथी दीपक यादव शेर सिंह और क्षत्रपाल सिंह के साथ दो बाइको पर आए और हवा मे बंदूक लहराते हुए दो हवाई फायर किए। फरियादी सतेन्द्र यादव की शिकायत पर से चारो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### महिला और उसकी बेटी के साथ दुराचार करने वाले पर मामला दर्ज

*अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत शहर के एक मोहल्ला निवासरत एक तलाकशुदा महिला और उसकी बेटी के साथ लगातार 5 वर्ष से दुराचार कर रहा था। जिससे पीड़ित होकर महिला की रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। महिला द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि एक प्रायवेट कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा उसके साथ और उसकी नाबालिग बेटी के साथ 5 वर्षों से दुष्कृत करता आ रहा है। महिला प्राथमिक शिक्षक है। उसकी शादी 7 मई 2009 को हुई थी। जिसके बाद उसका पति से तलाक हो गया था। उसकी एक बेटी है। जो अब 14 वर्ष की है। इसी दौरान महिला की मुलाकात एक युवक से हुई थी। जिसका पहली बीबी से तलाक हो गया था। वह उससे शादी करना चाहता था। कुछ समय बाद वह उसकी बातो मे आकर अपनी बेटी को लेकर उसके साथ रहने लगी थी। इस बीच मैने कई बार उससे शादी के लिए कहा वह हमेशा बहाना बनाता रहा और मेरी मर्जी के बिना भी उसने मुझसे दुराचार किया। वह उसे शराब के नशे में गालियां देता था और मारपीट करता था। वह उसकी बेटी के साथ भी लगातार बलात्कार करता आ रहा है। वह मेरी बेटी को और मुझे जान से मारने की धमकी देता था और यह भी कहता था कि तेरी पढाई बंद करा दूगा। मे जहर खाकर तुम दोनो माँ बेटी को फंसा दूगा। जिसके बाद महिला ने अपनी बहन को सारी कहानी से अवगत कराया और उसके हिम्मत देने पर आरोपी के विरूध देहात थाने मे विभिन्न धाराओ मे मामला दर्ज किया गया है। जिनमे 376(2), 376(2)पी,376(3), 376ए-बी पास्को एक्ट और मारपीट की विभिन्न धाराए शामिल है। इस पूरे घटनाक्रम मे विशेष बात यह है कि जब बालिका 5 वर्ष पहले 12 वर्ष से कम आयु की थी तब अलग धाराए लगाई कई हैं।*

### दो बाइक आपस में टकराई, दो युवक घायल





**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत प्याउ चक्क निवासी कल्याण सिंह पुत्र वारेलाल कुशवाह उम्र 40 साल एवं अमित पुत्र अमर सिंह कुशवाह उम्र 35 निवासी मोहरी राय को घायल अवस्था मे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। ग्राम प्याउ चक्क के घायल ने बताया कि वह नवीन कृषि उपज मंडी मे कृषि उपज बेचने आया था। जब बाइक से बाजार जा रहा था। तभी एक बाइक चालक ने मेरी बाइक मे टक्कर मार दी जिससे दोनो बाइको चालक घायल हो गए । मोहरी राय के बाइक चालक के सिर मे गंभीर चोटे आई है। परिवारजन डॉक्टरो से उसे बाहर ले जाने की निवेदन करते हुए देखे गए।

### ग्रेन मर्चेंट के चुनाव में अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जिनेश गांधी और सचिव राजेश पालीवाल बने



**अशोकनगर।** अशोकनगर व्यापारियो का शहर है और यहां की मंडी प्रदेश की प्रमुख मंडियो मे से एक है। किसान और व्यापारी यहा की पहचान है। उन्नत खेती के लिए संम्पूर्ण जिला जाना जाता है। यहा के व्यापारी संगठन समाज सेवा से भी जुडे है। दो वर्ष मे एक बार होने वाले इस चुनाव मे इस बार चुनाव आम सहमति से सम्पन्न हुए । व्यापारियो ने पहले से जो कार्यकारणी गठित थी उसी कार्यकारणी पर विश्वास जताते हुए आगामी दो वर्ष के लिए चुना है। जिसमे गल्ला मंडी के सभी व्यापारी उपस्थित थे। चुनाव अधिकारी सुगनचंद अथाईखेडा के द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर अशोक कुमार जैन एपी, उपाध्यक्ष जिनेश कुमार गांधी, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार जैन, महामंत्री राजेश कुमार पालीवाल, उप मंत्री नितिन जैन बिट्टू एवं निकेत बंधु, ऑडिटर महेश कुमार जैन निर्वाचित हुए। इन सभी निर्वाचन पदाधिकारियो को बधाई दी गई।

### किशोरी को शादी का झांसा देकर नदी किनारे बनी झोपड़ी में 5 दिनों तक किया दुष्कर्म

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत आरोपी ने एक 14 वर्षीय नाबालिग किशोरी को शादी का झांसा देकर नदी किनारे बनी झोपडी मे रखकर 5 दिनो तक दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस सबधं मे बालिका के परिवारजनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 वर्षीय नाबालिग बालिका घर से बिना बताए कहीं चली गई है। जिस पर से चंदेरी पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए विनीत जैन पुलिस अधीक्षक अशोकनगर के निर्देश पर सायबर सेल की मदद से अपहर्ता की तलाश की गई। जिसके बाद जानकारी मे आया कि मुगावली गांव का एक लड़का उसे शादी का झांसा देकर भगा ले गया है जिसके बाद पुलिस ने उसे बर्री गाव से बरामद किया। आरोपी 5 दिन तक अपहर्ता के साथ नदी किनारे साथ रखकर दुष्कर्म कर रहा था प्रकरण में 366ए,343,376(3),376(2द) भादवि, 5एल/6,3ः पॉक्सो एक्ट इजाफा की गई ।

### शाढौरा डिग्री कॉलेज भवन के निर्माण में आ रही समस्याओं के निराकरण की मांग



**अशोकनगर।** शाढौरा मे शासकीय महाविघालय भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस भवन के निर्माण को लेकर अनुबंध के समय देरी होने की वजह यह है कि मुख्य मार्ग से कार्य स्थल के बीच एक नाला पडता है। इस नाले का काम आज तक शुरू नही हो पाया है।यदि वर्षा काल से पहले नाले का निर्माण पूरा नही हुआ तो कई समस्याए पैदा हो सकती है।

भवन निर्माण ठेकेदार संतोष सोनी ने पीआईयू के कार्यपालन यंत्री को एक लिखित पत्र भेजकर कहा है कि जिस जगह महाविघालय का भवन बनाया जा रहा है। वहा तक पहुचने का कोई सीधा मार्ग नही है। तीन तरफ से नाला है। जिस पर मेरे द्वारा कार्य आरंभ कराने के लिए अस्थाई पुलिया एवं अस्थाई सडक का निर्माण कर कार्य शुरू कर दिया गया था। जो कार्य तीव्र गति से चल रहा है। लेकिन 15 जून से वर्षाकाल आरंभ हो जाएगा । जिससे उक्त अवधि मे मुख्य मार्ग से कार्यस्थल तक पहुचना असंभव हो जाएगा। क्योकि नाले मे तीव्र वेग से पानी का आना एवं नाले का कैचमेट एरिया ज्यादा होने से अस्थाई पुलिया एवं सडक क्षतिग्रस्त होने की पूरी संभावना है। जिसे लेकर मांग की गई है कि मुख्य मार्ग से कार्य स्थल तक पहुचने के लिए वर्षाकाल आरंभ होने से पहले स्थाई पुलिया निर्माण कर एवं सडक निर्माण कराने की अनुमित चाही गई है। साथ मे कहा भी गया है कि विभाग अपने स्तर तक कार्यस्थल तक पहुचने की व्यवस्था कराए अन्यथा वर्षाकाल मे 6 माह तक निर्माण कार्य मे रूकावट आ सकती है। जिसके लिए विभाग जिम्मेदार रहेगा।

### समाजजनों ने दी बधाई

## धीरेन्द्र बने पाश्र्व जैन मिलन के अध्यक्ष गौरव सिन्नी बने कार्यकारी अध्यक्ष

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**

अशोकनगर पाश्र्व जैन मिलन अशोकनगर की जनरल वाडी की मीटिंग का आयोजन डाक्टर नीतेश के परामर्श केन्द्र पर रात्रि 8-30पर नरेश चंद्र जैन तत्काल पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में महावीर प्रार्थना से प्रारम्भ किया गया जिसमे प्रथम तो गत वर्ष का आय व्यय दीपक जैन मलावनी कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 12 का सिल्वर जुबली क्षेत्रीय अधिवेशन शाखा के आतिथ्य में 25 फरवरी 24 को आयोजन हुआ था जिसमें शाखा के वीरों ने तन मन धन से समर्पण के साथ कार्य किया था उन सभी को सम्मान शील्ड एवं पट्टिका पहना कर तत्काल पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय उपाध्यक्ष द्वारा किया गया शाखा के अध्यक्ष वीर जीतू जैन घाट वमूरिया तथा शाखा मंत्री वीर नीरज जैन तारई को राष्ट्रीय महामंत्री द्वारा प्राप्त सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले अरविंद जैन पत्रकार दीपक मलावनी विनोद पंडोरा पंकज जैन धीरेन्द्र जैन राजमल जैन अनुराग जैनमनीष जैन सोरभ जैन गोरव जैन आषीस जैन आषीस जैन सोनू प्रवीण जैन सुयोग जैन गोरभ जैन सोरभ ओडेर सहित आषीस मलावनी का सम्मान किया। सम्मान के उपरांत जनरल मीटिंग में निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित किया गया और अध्यक्ष पद हेतु नाम प्रस्ताव लिए गये जिसमें वीर गोरव जैन सिन्नी द्वारा वीर धीरेन्द्र जैन भग्गा का नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसका समर्थन वीर अनुराग जैन तथा वीर सुयोग जैन भूसा द्वारा किया गया एक ही नाम का प्रस्ताव आने से निर्वाचन अधिकारी अतिवीर नरेश चंद्र जैन द्वारा वीर धीरेन्द्र जैन को वर्ष 2024-25 के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया वीर धीरेन्द्र को सभी ने बधाई दी एवं उनके द्वारा मंत्री पद पर वीर नीरज जैन कार्यकारी अध्यक्ष पद पर वीर गोरव जैन सिन्नी कोषाध्यक्ष पद पर वीर दीपक जैन मलावनी की घोषणा की गई पूर्व अध्यक्ष जीतू जैन घाट वमूरिया द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।



### गुरुधाम कॉलोनी के निवासियों ने विधायक को गिनाईं समस्याएं



**अशोकनगर।** रविवार को अशोकनगर विधायक इंजी हरीबाबू राय गुरुधाम कॉलोनी में पहुंचे। कालोनीवासियों ने फोन पर सूचना दी कि हमारी कॉलोनी में लाइट पानी एवं सड़क की ज्यादा समस्या है तो विधायक कॉलोनी में पहुंचकर सभी कॉलोनी वासियों से मुलाकात की एवं कॉलोनी में घर घर जाकर सभी से बातचीत की। इस दौरान विधायक ने सभी कालोनी वासियों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्या का जल्द से जल्द निराकरण करेंगे।

### कलेक्टर ने की पीड़ितों की मदद, अस्पताल प्रबंधन से मांगा प्रतिवेदन

# मरीजों को मदद के लिए कलेक्टर के बंगले जाकर लगानी पड़ी गुहार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर**








जिला अस्पताल अशोकनगर में मरीजों की सुनवाई न होने पर मरीज को कलेक्टर की मदद लेना पड़ रही है अब तक ऐसे दो मामले आ चुके हैं। जिसमे कलेक्टर के बंगले पर पहुंचकर पीडित अस्पताल प्रबंधन की शिकायत कर चुके हैं।

एक ऐसा ही मामला अभी हाल में ही आया है इस मामले में ईसागढ़ निवासी मनोज पुत्र परमाल केवट ईसागढ मे 5 दिन पहले गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटे आई थी सिर और हाथ पैरों में चोटे आने के बाद अस्पताल के द्वारा घायल को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था अस्पताल में भर्ती होने के बाद डॉक्टर राजकुमार जैतवार द्वारा इस पीड़ति का उपचार किया जा रहा था जिसे लेकर डॉक्टर द्वारा मरीज को भोपाल पीपुल्स अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। युवक और उसके परिवार जनों का कहना था कि उसकी इतनी क्षमता नहीं है कि भोपाल में प्राइवेट अस्पताल में जाकर उपचार करा सकें। जब अस्पताल में कोई सुनवाई नहीं हुई और भोपाल पीपल्स हॉस्पिटल के लिए जिला अस्पताल से रेफर्स करने का मामला सामने आने के बाद मरीज और उसके परिवारजन कलेक्टर बंगले पर पहुंचे और कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। तब कलेक्टर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नीरज कुमार छारी को कहना पड़ा कि इन्हें भोपाल हमीदिया अस्पताल के लिए रेफर किया जाना चाहिए था, फिर मरीज को पीपुल्स हॉस्पिटल के लिए क्यों रेफर किया गया है, इसकी जांच की जाए और इतने महंगे दामों पर यह कैसे भोपाल में एंबुलेंस लेकर जा सकेगा। मामला गंभीर था इसके बाद जिला अस्पताल के पीड़ित को तत्काल सरकारी एंबुलेंस से भोपाल रवाना किया गया इस संबंध में कलेक्टर द्वारा सीएचएमओ से प्रतिवेदन मांगा गया है और पूछा गया है कि आखिर में मामला क्या है कोई भी गरीब व्यक्ति जिला अस्पताल में उपचार कराने के लिए आता है तो उसे शासन द्वारा उपलब्ध सुविधाओं के आधार पर प्रदेश मुख्यालय स्थित बड़े अस्पतालों का उपचार के लिए भेजा जाना चाहिए। उन्हें प्राइवेट अस्पतालों में किस कारण से उपचार के लिए भेजा जाता है। किस डॉक्टर के द्वारा उसे रेफर किया गया है और क्यों किया गया है। इस संबंध में प्रतिवेदन में संपूर्ण जानकारी मांगी गई है । ज्ञात हो कि इससे पहले एक मामला अचलगढ़ की एक प्रसुतिका का आया था उसके गर्भ में उसके शिशु की मौत हो गई थी और अस्पताल में कोई जब सुनवाई नहीं हुई तब अस्पताल के प्रबंधन की शिकायत को लेकर परिजन कलेक्टर बंगले पर शिकायत करने के लिए पहुंचे थे। उसके बाद जिला अस्पताल के सिविल सर्जन द्वारा 6 सदस्यो का एक दल जांच के लिए बनाया गया था इस जांच के बाद अस्पताल प्रबंधन मे बड़ा परिवर्तन किया है डॉक्टरों की ड्युटियॉ बदली गई है हर 8 घंटे में एक महिला डॉक्टर को ड्यूटी पर लगाया गया है अभी भी अस्पताल की व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। अगर दूसरी बार मरीज के परिजनो को कलेक्टर के पास पहुंचना पड़ा है तो कोई न कोई वजह है कि सरकारी अस्पताल के डॉक्टर को प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टर को मरीज क्यों भेज रहे हैं इसकी भी जांच होना चाहिए। इस संबध मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नीरज छारी का कहना है कि इसकी जाच की जा रही है और कलेक्टर के आदेश के बाद सरकारी एंबुलेंस से मरीज को भोपाल भेजा गया है।

### तीन बार सीमांकन के आवेदन के बाद भी नहीं नापी पटवारी ने जमीन

# पट्टे की भूमि के सीमांकन को लेकर दलित 1 वर्ष से लगा रहा तहसील कार्यालय के चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

आए दिन तहसील कार्यालय में हितग्राही अपने कामों को लेकर चक्कर लगाते मिल ही जाते हैं। ऐसा ही एक मामला दलित किसान का देखने को मिला, जिसमें दलित ने शासन से मिली अपनी भूमि के सीमांकन का आवेदन तीन-तीन बार तहसील कार्यालय में लगाया, लेकिन तीनों बार दलित को कभी रिकॉर्ड दुरुस्ती, तो कभी छुट्टी का बहाना, तो कभी जांच दल का एक समय उपस्थित नहीं होना आदि कारण बताकर दलित को गुमराह किया गया और 1 वर्ष तक तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद भी सीमांकन नहीं किया गया। अधिकारी, कर्मचारीयों के ढीले कार्य प्रणाली रवैया का शिकार हुए दलित किसान ने मीडिया का सहारा लेकर अपनी न्याय की गुहार शासन से लगाई। अब देखना यह है कि शासन लापरवाह कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही कर दलित किसान की भूमि का सीमांकन कर न्याय दिलायेगा या मूक दर्शक बन देखता रहेगा।



## लापरवाही, वर्षों बाद भी राजस्व रिकॉर्ड नहीं हुआ दुरस्त

राजस्व विभाग अनियमितताओं को लेकर सदैव संदेह के घेरे में रहता आया है। कमी राजस्व विभाग के कर्मचारी अधिकारियों की होती है ओर कमी के कारण हितग्राहियों को कमी पूरी कराने के लिए दफ्तर- दफ्तर चक्कर लगाने पड़ते हैं, जिससे हितग्राही का समय ओर पैसा दोनों बर्बाद होता है आखिर आजादी के 76 वर्षों बाद में राजस्व विभाग के रिकॉर्ड दुरस्त न होना प्रशासन द्वारा बनाई गई व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है।

### इनका कहना है

ग्राम पंचायत दिलावरी की जमीन की फाइल में तरमीम नहीं बनी है। तरमीम के बाद ही सीमांकन किया जाना संभव होगा।

**सोनू गुप्ता, तहसीलदार खिलचीपुर।**

**इनका कहना है...**

किसान को एसडीएम कार्यालय भिजवा दीजिए। जांच कर लेती हूं आखिर क्या मामला है।

**अंकिता जैन, एसडीएम खिलचीपुर**

### क्या है मामला

राज्य शासन द्वारा वर्ष 2002 में भूमिहीन दलितों को जीवन निर्वाह करने हेतु वितरण की गई थी, जिसमें मध्य प्रदेश के गांव-गांव में भूमिहीन दलितों को शासन द्वारा भूमि प्रदाय की गई थी, वही ग्राम पंचायत दिलावरी के भूमिहीन दलितों मोती पिता पूरा हरिजन को 4 बीघा जमीन , शंकर पिता काना हरिजन को 4 बीघा तथा अमरा पिता पूरा जाति हरिजन को 4 बीघा जमीन प्रदाय की गई थी । अमरा पिता पूरा हरिजन की मृत्यु उपरांत पिता की 4 बीघा जमीन उनके पुत्रो रामलाल, चैन राम ,गिरवर,सोनी बाई पति अमरा के नाम पर नामांतरित हो गई थी, तभी से सीमांकन के लिए अमरा के पुत्रों ने सीमांकन का आवेदन लगा रखा है, लेकिन एक वर्ष में तीन बार आवेदन देने के बाद भी पटवारी ने सीमांकन नहीं किया है।

हितग्राही ने मीडिया को बताया कि साहब सीमांकन नहीं करने की वजह पटवारी चंदरसिंह परमार बताते हैं कि उस समय जब शासन ने जमीन दी थी तब दलित किसान चिन्हित की गई जगह में इधर-उधर बैठे हैं। शंकर पिता काना अपनी जमीन की वजह मोती पिता पूरा की जमीन पर बैठा है। वही मोती पिता पूरा शंकर पिता काना की जमीन पर बैठा है लेकिन अमरा हरिजन के पुत्र रामलाल, चैन राम, गिरवर, सोनी बाई जरूर जहां जगह दी थी वहीं पर बैठे हैं। इधर-उधर बैठने की वजह से रिकॉर्ड में संशोधन के बाद ही उसे रकबे का सीमांकन होगा, ऐसा कहकर हितग्राही को गुमराह कर रहे हैं ओर हितग्राही तहसील कार्यालय के चक्कर लगा लगाकर परेशान हैं।

### पति-पत्नी के बीच मनमुटाव के चलते बढ़ी दूरियां, गिले-शिकवे दूर कर फिर हुए एकजुट

## महिला सुरक्षा शाखा के प्रयासों से लोक अदालत में अलग-अलग रहे रहे 8 परिवारों को आपस में मिलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आपसी मनमुटाव के कारण पति-पत्नी के बीच बढ़ी दूरियों के कारण परिवार टूटने की कगार पर पहुंचने लगा था, लेकिन अलग अलग रह रहे पति-पत्नी का महिला सुरक्षा शाखा के प्रयासों से जिले के 8 परिवारों को एक किया गया।

नेशनल लोक अदालत के दौरान प्रथम न्यायाधीश न्यायालय राजगढ़ द्वारा जिला महिला सुरक्षा शाखा राजगढ को पति-पत्नी के आपसी मनमुटाव के निराकरण के लिए खंडपीठ क्रमांक 26 का गठन किया गया था। जिसमें शनिवार को पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशानुसार एवं एएसपी आलोक कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गठित कमेटी में पीठासीन अधिकारी अरविंदसिंह राठौर उप पुलिस अधीक्षक महिला सुरक्षा शाखा राजगढ, अधिवक्ता मागीलाल तोमर व महिला थाना प्रभारी श्रीमति नेहा शर्मा द्वारा 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से 08 प्रकरणों में आपसी पति-पत्नी के मनमुटाव के कारण पृथक पृथक रह रहे थे, जिन्हें समझाइश देने उपरांत पुरानी सभी बातों को भुलाकर पुनः एक साथ रहने को तैयार हुए, जिसमें 8 परिवारों का घर विघटन होने से रुका 01 में घरेलू हिंसा के तहत कार्यवाही की गई, 01 प्रकरण में दोनों पक्ष उपस्थित नहीं होने से आगामी तिथि दी गई।

## ब्राह्मण समाज की गरीब बेटी के उपचार के लिए आगे आए मंत्री टेटवाल व समाजजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

ब्राह्मण समाज की एक होनहार बालिका सिमरन पिता विजय तिवारी के गंभीर रोग से पीड़ित होने की जानकारी जैसे ही राज्यमंत्री गौतम टेटवाल को लगी, वैसे ही उन्होंने मरीज के उपचार के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वेच्छा अनुदान चिकित्सालयीन प्राक्कलन अनुसार 5 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत करने की अनुशंसा की, साथ ही श्री परशुराम जन्मोत्सव पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से पधारे समाजजनों ने एक बडी राशि एकत्र कर सिमरन के पिता को दी। अभी तक समाज जनों द्वारा चार लाख से अधिक का आर्थिक सहयोग किया जा चुका है और सहयोग का सतत क्रम अभी भी जारी है। वहीं सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शर्मा, नव युवक मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष शिखा शर्मा ने समाज की गरीब बेटी के लिए आगे आये मंत्री टेटवाल व समाज जनों का आभार माना।

## रोग निदान शिविर त्रिपाठी अस्पताल में 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आचार्य डॉ गोकुल प्रसाद त्रिपाठी की स्मृति में त्रिपाठी अस्पताल राजगढ़ में 15 मई को रोग निदान शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर में डॉक्टर्स के परामर्श के बाद स्वास्थ्य जांच पूर्णतः निशुल्क की जाएगी। इस शिविर में आंखों की जांच, दांतों की जांच, स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श, महिलाओं, शिशु एवं बालय रोगों की जांच, रक्त-पैथोलॉजी, त्वचा रोगों के साथ साथ हृदय रोगों की ईसीजी, पेट संबंधी बीमारी, लीवर बीमारियों की सोनोग्राफी की जांच फ्री की जाएगी। आयोजक त्रिपाठी अस्पताल का मानना है किइस विशाल शिविर से क्षेत्र की आम जनता को लाभ मिलेगा और एक ही जगह कई रोगों के परीक्षण के साथ उनका इलाज संभव हो सकेगा।

### सांडों की लड़ाई बनी राहगीरों की मुसीबत

## कई नागरिक हो चुके चोटिल, जबावदारी से मुंह मोड़ रहे जिम्मेदार अधिकारी



**ब्यावरा।** शहर में दिनों दिन आवारा सांड़ों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। इनका आतंक बढ़ने से लोग दहशत में है। शहर में आवारा सांडों की संख्या में बढोतरी हो रही है और अलग अलग स्थानों पर झुंड में दिखाई दे रहे सांडों की संख्या अधिक होने से रोजाना सांडों की लड़ाई देखने को मिलती है, इन आवारा सांडों की लड़ाई की चपेट में राहगीर आ जाते है जिससे वह गंभीर घायल हो रहे हैं। शहर के इदौर नाका क्षेत्र में मुल्तानपुरा निवासी एक वृद्ध रामचंदर कारपेंटर सांडों की लड़ाई की चपेट में आ गए थे जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए थे। जिन्हें गंभीर घायल अवस्था में भोपाल रेफर करना पडा था लेकिन सांडों ने उन्हें इस कदर घायल किया था कि उनके तमाम उपचार करने के बाद भी बचाया नहीं जा सका। इस दुखद घटना के बाद मृतक के परिजनों द्वारा शासन प्रशासन से मांग की गई थी कि सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को हटाया जाए ताकि अन्य नागरिक इनकी चपेट में न आए, लेकिन आज तक इसका असर अधिकारियों में देखने को नहीं मिल रहा है और आवारा सांड खुलेआम सड़कों पर विचरण कर रहे हैं।

### गर्मी और लू से बचाव के लिए एडवाइजरी

## ग्रामीणों को अवगत करा रही आशा कार्यकर्ताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



स्वास्थ्य विभाग ने सभी आशा कार्यकर्ता सीएचओ आदि को गर्मी से बचाव के उपायों के संबंध में लोगों तक जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीएमओ डॉ. धनजीत बडोदिया ने निर्देशित किया है कि वर्तमान गर्मी के मौसम में तापमान अधिक होने से गर्मी एवं लू के कारण होने वाली संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आशा कार्यकर्ता, सीएचओ अपने ग्रामीण क्षेत्र में समुचित उपाय करें तथा गर्मी एवं लू से बचाव के लिए जारी एडवाइजरी से सभी ग्रामीजनों को अवगत कराएं। बीएमओ बडोदिया ने सभी आशा कार्यकर्ता, सीएचओ को अवगत कराया कि वे उपरोक्त गतिविधि में घर-घर संपर्क के दौरान गर्मी के मौसम मे होने वाली बीमारी की रोकथाम हेतु समझाइश दे तथा आवश्यकता होने पर उन्हें ओआरएस के पैकेट भी उपलब्ध कराए। इन्ही आदेशो के परिपालन में पड़ाना में आशा कार्यकर्ता रीना सेन के द्वारा घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाइश दी जा रही है कि लंबे समय तक बाहर धूप में रहने से बचें, गर्मी के प्रकोप से बचने के लिए धूप से सीधे संपर्क में आने से परहेज करें, खाने में स्वच्छता का ध्यान रखें, लिक्विड चीजों का ज्यादा सेवन करें, एक बार में अधिक खाने से परहेज करें, आरामदायक कपड़े पहने तथा मसालेदार भोजन ना करें।

### नालियों के अंदर साफ सफाई का अभाव बना कारण

## जहां देखो वहां गंदगी का साम्राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



शासन प्रशासन स्तर से चाहे कैसे भी प्रयास किए गए हों, लेकिन स्वच्छता मिशन की तस्वीर नगर के अनेकों स्थान पर स्पष्ट झलकती है। जहां पर या तो कचरे का ढेर जमा रहता है या गलियों में या नालियों में कचरा उड़कर जमा हो जाता है। जिससे नालियां जाम हो जाती है और बदबू मारना शुरू हो जाती है। नगर परिषद के सफाई कर्मचारी भी अपनी दैनिक उपस्थिति दर्ज कराते हुए नियमित सफाई करते हैं लेकिन आम सड़क पर उड़कर आने वाला कचरा नालियों में गिरता है जिससे नालियां भर जाती है और बदबू तथा मच्छरों की भरमार उत्पन्न बनी रहती है। विगत सप्ताह नगर के आवास कॉलोनी वार्ड नंबर 14 की गली तथा उसके पूर्व मां सरस्वती एकेडमी के समीप एवं वार्ड नंबर 12 मुंदड़ा नगर के पिछले हिस्से में जमा नालियों के पानी के समाचार प्रकाशित किए गए लेकिन नगर परिषद के जू तक नहीं रेंगी । आज भी समस्या जो कि क्यों बनी हुई है। आम नागरिकों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा विभिन्न प्रकार के टैक्स नागरिकों से लिए जाते हैं तो उनकी मूलभूत सुविधाओं का भी समय-समय पर पूरा-पूरा ध्यान नगर परिषद को रखा जाना चाहिए।

### खबर का असर

## ताले से बाहर आए दोनों वाटर कूलर सैकड़ों जनों के कंठ होंगे तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



स्थानीय गीता मानस प्रचार समिति को दो व्यक्तियों द्वारा दो वाटर कूलर दान में दिए गए थे। दोनों वाटर कूलर सही स्थिति में होने के बाद भी यहां के प्रबंधन ने समिति के हॉल में कैद करके रखा हुआ था। स्थानीय लोगों की मांग पर विगत दिवस हरिभूमि ने इस संबंध में एक खबर का प्रकाषन प्रमुखता से किया। खबर प्रकाषन के बाद समिति प्रबंधन ने आमजनों की सुविधा के लिए दोनों वाटर कूलर चालू करवा दिए हैं। 44 डिग्री तापमन की भीषण गर्मी में अब राहगीरों को शीतल जल मिल जाया करेगा। उल्लेखनीय है कि नगर के मेन मार्केट या राजगढ शहर के बीचों-बीच पारायण समिति स्थित है। ऐसे में वाटर कूलर अब प्रतिदिन सैकड़ों लोगों के कंठ तर किया करेंगे। इस पुनीत कार्य को आरंभ करवाने में समिति के श्रृद्धालु एवं पूर्व जिला क्रीडाधिकारी षिवनारायण मौर्य, अषोक शर्मा व अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## खुशियों के ओटले पर मनाया गया मातृ दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



जन सहयोग से संचालित सामाजिक संस्था खुशियों के ओटले पर रविवार को माताओं और बहनों को नई साड़ी, वस्त्र और साथ ही पौधे देकर मनाया गया। मदर्स डे, ओटले के संचालक डॉ सुरजीत सिंह ने बताया कि हर वर्ष तरह इस वर्ष भी खुशियों के ओटले पर गरीब व जरूरतमंद महिलाओं को कपड़े पर जरूर का सामान बॉट कर साथ ही बच्चों को शिक्षण सामग्री देकर मातृ दिवस का पावन उत्सव मनाया गया। वहीं बच्चों को माता-पिता के प्रति सत्कार उनका आज्ञाकारी बनने की शिक्षा दी गई। डॉ सिंह ने कहा आज की भागम भाग वाली जिंदगी में जहां बच्चों को अपने माता-पिता का सत्कार करना भूल गए हैं वहीं अगर हम देखें तो परमात्मा का नाम भी बिना माँ के नाम के पूरा नहीं होता ऐसे में देश में दिन-ब-दिन वृद्ध आश्रम की संख्या बढ़ती जा रही है आज हमें जागरुक होने की जरूरत है की कोई माता-पिता कभी अपना वृद्ध जीवन वृद्ध आश्रम में न गुजारे सभी अपने माता पिता का सम्मान करें। उन्होंने कहा मां का स्वभाव भी उस वृक्ष की तरह होता है जो हर एक राहगीर को ठंडी छांव भी प्रदान करती है ऐसे में ओटले द्वारा सभी को पौधे भी भेंट किए गए कार्यक्रम के मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं व बच्चे मौजूद रहे।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा का टेटवाल निवास पर हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा नलखेड़ा से भोपाल जाते समय कुछ समय के लिए भल्ला कॉलोनी स्थित राज्यमंत्री टेटवाल के निवास पर पहुंचे। जहां पर राज्य मंत्री गोतम टेटवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान हाल ही में संपन्न हुए राजगढ़ लोकसभा क्षेत्र में अच्छे हुए मतदान को लेकर राजमंत्री गोतम टेटवाल को बधाई दी। इस दौरान विधायक प्रतिनिधी पृथ्वीराज टेटवाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, मंडल मीडिया प्रभारी अमित सक्सेना, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष राहुल पुष्पद,पूर्व पार्षद दिनेश शर्मा, कमलेश टेटवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल वैध, कमल राठौर, इफ्तिखार अंसारी, प्रदीप टेटवाल, राधेश्याम माहेश्वरी, राकेश सेन, योगेश माहेश्वरी, आकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

### नियमों को धता बताते संचालक, कई पेट्रोल पंपों पर तो हवा-पानी की तक सुविधाएं नहीं

# मनमानी: पेट्रोल पंपों पर नहीं दी जा रही आवश्यक सुविधाएं जिम्मेदारों के ध्यान नहीं देने से ग्राहक हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सरकार द्वारा पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को सुविधा दिलाने कड़े मापदंड बनाए गए हैं, लेकिन पंप संचालकों की मनमानी के चलते सारे नियमों को दर किनार कर दिया जाता हैं और संबंधित विभाग के सरकारी अमले की लापरवाही के चलते जनहित में बनाए गए यह सभी मापदंड हाथी के दांत साबित हो रहे हैं। मोटी कमाई करने वाले पेट्रोल पम्प डीलर ग्राहकों को हवा, पानी जैसी सुविधाएं देने के नाम पर काम चलाऊ व्यवस्था करके जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लेते हैं।




शहर में कुछ पेट्रोल पंपों को छोड़ दिया जाए तो लगभग हर जगह नियमों को धता बताकर ग्राहकों सुविधाएं नहीं दी जा रही हैं। अधिकांश पेट्रोल पम्प पर सुविधा के नाम पर ग्राहक लम्बे समय से परेशान हो रहे हैं। पेट्रोल पंपों पर हवा, पानी जैसी सुविधाओं नाम मात्र औपचारिक हैं, यहां पानी कूल पानी फिल्टर लगा हैं, लेकिन खराब पड़ा हुआ, लेट बाथरूम में गंदगी पड़ी हुई हैं, पंप पर फायर, एम्बुलेंस, पुलिस के नम्बर अंकित तो मगर पूरी वह पुराने हो जाने से दिखाई नही दे रहे। पम्पों पर व्यवस्थाओं का कोई इंतजाम तक नहीं हैं। साथ ही पंपों पर प्राथमिक सुविधाओं सम्बंधी उपकरणों को लगाया गया है, लेकिन इनको लेकर किसी प्रकार के कोई सांकेतिक भाषा चिन्हों द्वारा ग्राहकों को बताना जरूरी नहीं समझा जाता हैं। इनमें तो कुछ उपकरणों को तो चालू तक नहीं किया गया है। यह सुविधाएं पेट्रोल पंपों पर रखी तो गईं हैं, लेकिन उपयोग करने के लिए व्यवस्था नहीं है।

वहीं नगर के प्रमुख स्थानों पर डीजल पेट्रोल पम्प संचालित हैं। पेट्रोल पम्प संचालन का लाइसेंस प्राप्त करने के बाद विभाग द्वारा निर्धारित नियमों की अनदेखी करके पम्प संचालकों द्वारा सरकारी तयशुदा मापदंडों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। वहां पर ग्राहकों के लिए टॉयलेट, पीने के पानी व गाड़ी में हवा भरने वाली मशीन जैसी प्राथमिक व्यवस्था संबंधी बकायदा अनुबंध किया जाता है, किंतु इसके बावजूद भी निर्धारित मापदंडों को ताक में रखकर संचालकों द्वारा मनमाने तरीके से पेट्रोल पम्प संचालित किए जा रहे हैं। ग्राहक लम्बे समय से मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं।

### ग्राहकों को नहीं मिलती यह सुविधाएं

पेट्रोल पम्पों पर ग्राहकों को फ्री कॉलिंग, चोट लगने पर फर्स्ट एण्ड बॉक्स, पानी, टॉयरों में हवा भरने वाली मशीन के साथ अन्य सुविधाएं मिलने का प्रावधान है। लेकिन संचालकों द्वारा ग्राहकों की अज्ञानता का लाभ उठाते हुए ग्राहकों को उनके अधिकार व सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा हैं। इस मामले में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत होने सम्बंधी जन चर्चाओं को नकारा नहीं जा सकता।

### शिकायत पुस्तिका भी रहती है गायब

मानकों पर गौर करें तो हर पेट्रोल पंप पर शिकायत पेटिका या पुस्तिका होने का प्रावधान होता है। साथ ही कंपनी के अधिकारियों के नंबर भी होने चाहिए, लेकिन जिले के तमाम पेट्रोल पंप पर यह सुविधा भी नहीं हैं।